हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार, 11 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

13 नशामुक्ति अभियान में 60 गांवों से पहुंचे लोग



14 जिले के 30 यात्री अयोध्या में प्रभु श्रीराम का करेंगे...





B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

# खण्ड और अल्प वर्षा से किसानों की बढ़ी चिंता, अच्छी बारिश का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

जून माह के मध्य में मानूसन की सक्रियता को देखते हुए अंचल के किसानो ने अपने खेतों में किस्मत के बीज तो डाल दिए हैं लेकिन आषाढ़ माह के अंतिम में दिनो में मौसम जिस ढंग से बेरूखी और सख्त मिजाज दिखा रहा है उसे देखते हुए किसानो की चिंता बढ़ रही है। किसानो को इस बात का ढर सता रहा है कि अगर समय रहते बारिश नहीं हुई तो कहीं उन्हें धान की बोआई दोबारा न करनी पड़ जाए और उनके धान थरहा रोपा के पहले कहीं नष्ट न हो जाए। भगवान न करे अगर ऐसा होता है तो निश्चित रूप से किसानो को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि वर्षाकाल के दौरान ऐसा बहुत ही कम होता है कि एक साथ समूचे जिले में बारिश हो। इतना ही जिले में खण्ड वर्षा का आलम तो ये है कि अगर किसी गांव में बारिश हो रही है तो जरूरी नहीं की उसके पडोसी गांव की जमीन भी गीली हो। शहर में तो महज दो-चार किलो मीटर के फासले में मौसम के अलग-अलग रंग देखने मिलते है। यहीं वजह है कि इस बार भी जून माह के मध्य में मानसून की सक्रियता के साथ जिले के प्रायः सभी क्षेत्रों में कही कम तो कहीं ज्यादा बारिश दुखने को मिली और अंचल के किसानो ने मानसून की इसी सक्रियता को देखते हुए धान की बोआई भी कर दी। दर्जनो ग्रामों के किसानों ने बताया कि धान की बोआई के बाद से पूरे क्षेत्र में खण्ड वर्षा की स्थिति देखने को मिल रही है। किसानो की माने तो अल्प एवं खण्ड वर्षा के कारण अभी तक इस क्षेत्र के किसानो के धान की रोपाई नहीं हो पाई है। ऐसे में किसानो को चिंता सता रही है कि समय रहते बारिश नहीं हुई तो कही उनके जमे जमाए थरहा खराब न हो जाएं। किसानो ने बताया कि अगर ऐसा होता है तो उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### अघोषित विद्युत कटौती भी बड़ी समस्या



किसानो ने बताया कि एक तो बारिश नहीं हो रही है उस पर अंचल के किसानो को जरूरत के हिसाब से बिजली भी नहीं मिल पा रही है। जिसके कारण वे सिंचाई के साधन होने के बावजूद इसका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। किसानो ने बताया कि पूरे पंडरिया क्षेत्र में इन दिनो अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है। स्थिति ये है कि लोगों को दिन में कई-कई बार विद्युत कटौती का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा लोवोल्टेज भी किसानो के सामने एक बड़ी समस्या है। जिसके चलते किसानो के पंप भी पानी नहीं उगल पाते। कुल मिलाकर मौसम के साथ बिजली भी किसानो की चिंता बढ़ा रही है।

### आषाढ़ मास में भी भीषण गर्मी और उसम

इसे मौसम की मार ही कहें कि आषाण मास में लोगों को भीषण गर्मी और उसमें का सामना करना पड़ रहा है। कवर्धा नगर की ही बात की जाए तो यहां बीते करीब 15 दिनो से बारिश नहीं हुई है और हुई भी है तो सिर्फ बूंदा बांदी। जिसके चलते गर्मी और उसम लोग हलाकान और परेशान नजर आ रहे हैं। स्थिति ये है कि लोग अभी भी पंखा, कूलर और एसी में ही राहत और सुकून महसूस कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### राजस्व मंत्री आज जाएंगे दिल्ली



बलौदाबाजार। प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा गुरुवार शाम दिल्ली प्रवास के लिए रवाना होंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए बताया गया है कि दिल्ली प्रवास के दौरान श्री वर्मा केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी से मुलाकात कर उन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग 130 बी रायपुर से बलौदाबाजार को फोरलेन की स्वीकृति दिये जाने पर आभार व्यक्त करेंगे। इसके अलावा खरसिया वाया बलौदाबाजार रायपुर-दुर्ग-नई रेल्वे लाइन बिछाये जाने वाले प्रस्ताव को रेल मंत्रालय द्वारा स्वीकृति दिये जाने पर आभार जताते हुए शीघ्र कार्य प्रारंभ करने की मांग करेंगे। इसके अलावा दिल्ली प्रवास के दौरान जिले के विकास एवं जनसुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जिला में मेडिकल कालेज, केन्द्रीय विद्यालय सहित अन्य योजनओं की स्वीकृति के लिए संबधित विभाग के मंत्रीयों से मुलाकात कर चर्चा करेंगे।

### दुष्कर्म का आरोपी जेल दाखिल



सिमगा। पुलिस थाना से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के प्रार्थिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि सोशल मीडिया फेसबुक मोबाइल के माध्यम से आरोपी वेदप्रकाश निवासी भालूमाडा वार्ड 18 पीली दफाई कोतमा कालोनी जिला अनुपपुर मप्र के साथ दोस्ती हुई थी। इस दौरान आरोपी प्रार्थिया के घर आना जाना करने लगा तथा प्रार्थिया को शादी कि झांसा देकर उसके साथ 2 वर्षों तक दुष्कर्म किया। प्रार्थिया द्वारा शादी करने की बात कहने पर आरोपी द्वारा उसे जान से मारने की धमकी दी गई, जिसकी रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्व धारा 376,506 भादवि के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। सिमगा पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए, सायबर सेल बलौदाबाजार की टेक्निकल टीम की सहायता से आरोपी वेदप्रकाश को रायपुर फाफाडीह चौक से पकडकर पुलिस अभिरक्षा में ले कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा दिया गया है।

### मानस प्रेमी संगठन का वार्षिक सम्मेलन कल

पलारी। छत्तीसगढ़ मानस प्रेमी परिवार संगठन ब्लॉक इकाई पलारी का वार्षिक सम्मेलन 12 जुलाई को दोपहर 1 बजे यादव सामुदायिक भवन बालसमुद पलारी में प्रांताध्यक्ष नेहरू गोस्वामी के अध्यक्षता में आयोजित किया गया है। इसमें जिला एवं ब्लॉक के समस्त पदाधिकारी के अलावा पंजीकृत व संगठन के समस्त मानस मंडली के उपस्थित रहेंगे। शासन से प्राप्त प्रोत्साहन राशि 5000 रु अप्राप्त मानस मंडली अपना सहमति पत्र मुखिया के खाता नंबर के साथ उपस्थित होंगी । साथ ही समस्त मानस मंडली का पंजीयन व संगठन के सदस्यता के लिए आवश्यक कागजात लेकर आने के लिए कहा गया। उक्त जानकारी कार्यवाहक ब्लॉक अध्यक्ष पलारी मनीराम यादव ने दी।

### घटना के बाद सड़क पर लगा घटों जाम, मशक्कत के बाद बहाल किया गया

# हाईवा और ट्रक की भिड़ंत में दोनों वाहनों के परखच्चे उड़े, दो घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

भाटापारा-बलौदाबाजार मुख्य मार्ग पर बुधवार को टमाटर से भरा ट्रक और एक हाईवा के बीच हुई जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इस घटना में दोनों वाहनों के केबिन के परखच्चे उड़ गये। वहीं दोनों वाहनों के परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के कारण सड़क जाम होने के कारण घंटों तक यातायात बाधित रहा। घटना की जानकारी लगते ही सिटी कोतवाली पुलिस एवं भाटापारा ग्रामीण पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से दोनों वाहनों को सड़क से हटाने के बाद यातायात शुरू कराया गया। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह आठ बजे भाटापारा की ओर से टमाटर लेकर आ रही मा कर्मा ट्रांसपोर्ट कंपनी की ट्रक केए 67 0240 और बलौदाबाजार से भाटापारा की ओर जा रही हाईवा क्रमांक सीजी 04 एमएस 6680 के मध्य आमने सामने से भिड़ंत हो गई, जिससे घटना स्थल पर भारी तदाद में टमाटर बिखर गये। वही हादसे में हाईवा सवार दो लोगो को चोट लगने पर उन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार में भर्ती कराया गया है।

### 270 लीटर महुआ शराब जब्त, कोचिया गिरफ्तार



पलारी। क्षेत्र का खैरी ग्राम महुआ शराब के नाम से प्रसिद्ध है, जहां पुलिस और आबकारी की सयुंक्त टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध शराब का जखीरा पकड़ा तथा मौके पर शराब बनाने लाहन को नष्ट किया। कार्रवाई में मुखबिर से सूचना मिली कि अवैध महुआ शराब बनाकर बिक्री करने में कुख्यात ग्राम खैरी में एक शराब कोचिया द्वारा भारी मात्रा में महुआ शराब का निर्माण कर नाला किनारे खेतों गड्ढा खोदकर डंप कर रखा गया है। सूचना पर छापामार टीम ने 10 जुलाई की अलसुबह राजेश श्रीवास्तव पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, निरीक्षक शशांक सिंह थाना प्रभारी एवं थाना पलारी से पुलिस बल के साथ आबकारी विभाग से उपनिरी मनराखन नेताम की टीम द्वारा ठोस रणनीति बनाकर, सुनियोजित तरीके से ग्राम खैरी में खेत के पास नाला किनारे छापा मारा गया। इस दौरान मौके पर आरोपी दिलीप को अवैध महुआ शराब का निर्माण करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस टीम द्वारा ▶▶ शेष पेज 13 पर

# प्रशिक्षण शिविर में 15 गांवों के 80 किसान हुए शामिल



बलौदाबाजार। अल्ट्राटेक रावन सी एस आर एवं शासकीय कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में निकटवर्ती 15 ग्रामों के 80 से अधिक किसानों की भागीदारी रही। कार्यक्रम मे मुख्य रुप से अरहर की खेती के विभिन्न आयाम जैसे बीज का चयन, खाद का उपयोग, लगाने की पद्वति, फसल की रख रखाव की जानकारी प्रदान की गई। इसी कार्यक्रम में अल्ट्राटेक रावन सी एस आर द्वारा 60 किसानों को प्रायोगिक तौर पर एक एकड की मेड में अरहर लगाने के लिए दो . दो किलो बीज निःशुल्क प्रदान किया गया। प्रदत्त बीज सी जी अरहर 1 किस्म का प्रमाणित बीज है। साथ ही साथ इस कार्यक्रम में सिचाई के उन्नत साधन-प्रिरंकलर, पेट्रोल और इलेक्ट्रिक वाटर लिफ्टिंग पम्प के उपयोग, लाभ के बारे में बताया गया। आगामी दिनों में 50 किसानों को प्रिरंकलर सेट तथा 25 किसानों को इलेक्ट्रिक एवं पेट्रोल वाटर लिफ्टिंग पम्प भी प्रदाय करने में अल्ट्राटेक रावन सी एस आर सहयोग प्रदान करेगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि अधिकारी सुचिन वर्मा द्वारा कृषकों को अरहर उत्पादन तथा सिंचाई के विभिन्न साधन जैसे प्रिरंकलर, वाटर लिफ्टिग पम्प आदि पर शासन की योजना के बारे में बताया गया। संयंत्र प्रबंधन से सी एस आर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव, अधिकारी ज्योत्सना पति ने भी कार्यक्रम में किसानो को समसमायिक कृषि की जानकारी प्रदान की एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में सी एस आर टीम से द्वारिका वर्मा, सुरेंन्द्र यादव, दया वर्मा ताराचंद वर्मा एवं धनेश्वरी साहु की भूमिका रही।

# महिला से दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार



गिधौरी। अंचल में विगत दिनों प्रार्थिया द्वारा आरोपी लख्मीधर उर्फ छन्नू एवं परमानंद द्वारा उसके साथ दुष्कर्म किये जाने की घटना के संबंध में थाना गिधौरी में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। इस पर पुलिस ने धारा 376, 506, 342, 120(ठ), 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। पुलिस द्वारा प्रकरण में शामिल एक आरोपी लख्मीधर उर्फ छन्नू 40 वर्ष को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था, किंतु प्रकरण में शामिल एक अन्य आरोपी परमानंद फरार था, जिसकी लगातार पता तलाश की जा रही थी। साथ ही मुखबिर के माध्यम से आरोपी के मिलने के हर संभावित ठिकाने पर लगातार दबिश भी दी जा रही थी। विवेचना एवं जांच कार्रवाई के इसी क्रम में 9 जुलाई को प्रकरण में शामिल आरोपी परमानंद 40 वर्ष निवासी ग्राम सुखरी थाना राजादेवरी की खोजबीन कर उसे हिरासत में लिया गया है। आरोपी से पूछताछ पर उसने अपने एक अन्य साथी लख्मीधर के साथ मिलकर महिला के साथ ▶▶ शेष पेज 13 पर

# जिले में उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग का शुभारंभ



बलौदाबाजार। छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया ने बुधवार को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग कार्यालय का शुभारंभ किया। कलेक्ट्रोरेट परिसर में पुराने कलेक्टर कार्यालय बिल्डिंग में फोरम के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए न्यायमूर्ति चौरड़िया ने कहा कि जिला मुख्यालय में उपभोक्ता आयोग की शुरुआत होने से उपभोक्ता अधिकार प्राप्ति में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि लोगों को उपभोक्ता कानून की जानकारी के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। इसके साथ ही शीघ्र न्याय देने की प्रक्रिया को भी आगे बढ़ाया जाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश राकेश बिहारी घोरे ने जिले में उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग का कार्यालय खुलना गर्व की बात कही। जिले के लोग उपभोक्ता ▶▶ शेष पेज 13 पर

# सायबर ठगों का अंतर्राज्यीय गिरोह फूटा, 5 लाख की ठगी, 3 गिरफ्तार

मुड़पार-सरसीवां। सरसीवां पुलिस थाना में 6 जून को प्रार्थी पुनेश्वर प्रसाद साहू आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उक्त दिनांक को एक अज्ञात मोबाइल नम्बर से ऑनलाइन व्हाट्अप कालिंग कर स्कीन ब्राडकास्ट के माध्यम से प्रार्थी के क्रेडिट कार्ड एवं बैंक खाता से नगदी रकम 4 लाख 88 हजार 896 रू ट्रांसफर कर धोखाधड़ी कर लिया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल नम्बर के आधार पर सर्चिंग कर तीन आरोपियों की गिरफ्तारी की, जिनके विरूद्ध धारा 318(4) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। आरोपियों में मिथुन कुमार



शतरंज पिता फिरतराम शतरंज 29 वर्ष साकिन बड़े रबेली थाना मालखरौदा, वरूण साहू पिता कौशल प्रसाद साहू 25 वर्ष साकिन चिस्दा थाना हसौद, संजय साहू पिता रोहित साहू 29 वर्ष साकिन हसौद थाना हसौद जिला सक्ती शामिल हैं। मामला दर्ज के पश्चात वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने पर मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीओपी बिलाईगढ़ विजय ठाकुर के मार्गदर्शन में विवेचना एवं आरोपियों की पतासाजी के लिए टीम गठित की गई। विवेचना के दौरान प्रार्थी के भारतीय बैंक के स्टेटमेंट एवं सायबर तकनिकी से उक्त आरोपियों के संबंध बिहार, पश्चिम बंगाल के ठगी गिरोह के व्यक्तियों से सांठगांठ कर प्रार्थी एवं अन्य लोगों से ठगी कर एटीएम कार्ड के माध्यम से रकम को असानसोल, वर्धमान, पश्चिम बंगाल के एटीएम से आहरण करना तथा आरोपियों द्वारा अपने हिस्से में प्राप्त रकम में से 11,500 रुपए नगदी रकम, घटना मे प्रयुक्त मोबाइल फोन, बैंक पासबुक, चेक बुक जब्त की गई तथा आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। ठगी के मुख्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

■ बिहार और पश्चिम बंगाल के गिरोह से साठगांठ उजागर

### लाखों युवाओं को जिला रोजगार एवं स्व–रोजगार केन्द्र जाने से मिली मुक्ति

# तीन माह में 10 हजार से अधिक लोगों ने डाउनलोड किया रोजगार एप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार




प्रदेश के युवाओं को घर बैठे रोजगार पंजीयन की सुविधा मिल रही है। साथ ही रोजगारपरक सुविधाओं का लाभ भी मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ के युवाओं को रोजगार हेतु सहायता प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़ रोजगार एप्प का शुभारंभ किया है। एप्प शुभारंभ के महज तीन माह के भीतर ही इस रोजगार एप्प को 10 हजार लोगों ने डाउनलोड किया है। वहीं 1611 लोगों ने घर बैठे पंजीयन भी कराया है। इससे युवाओं को रोजगार कार्यालयों में जाकर लंबी–लंबी लाइन नहीं लगानी पड़ रही है। वहीं समय और पैसे का बचत भी हो रही है। इस एप्प को गूगल प्ले स्टोर और विभागीय वेबसाइट ईरोजगार डॉट सीजी पर उपलब्ध कराया गया है। कोई भी व्यक्ति रोजगारपरक जानकारी के लिए एप्प डाउनलोड कर अवलोकन कर सकते हैं। गौरतलब है कि बेरोजगार युवाओं को मोबाइल एप्प के माध्यम से रोजगार हेतु पंजीयन की व्यवस्था, पहले से हो चुके पंजीयन का नवीनीकरण और नवीन सुविधाएं प्राप्त करने के लिए छत्तीसगढ़ रोजगार एप्प विकसित किया गया है। इससे छत्तीसगढ़ के लाखों युवाओं को जिला रोजगार एवं स्व–रोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जाने की आवश्यकता नहीं है। बार–बार ऑफिस जाकर लाइन लगने के झंझट से भी छुटकारा मिला है, और घर बैठे इस एप्प के माध्यम से आवेदन किए गए युवाओं को पंजीयन के भौतिक सत्यापन हेतु जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में जाने की आवश्यकता नहीं है। सत्यापन आधार आधारित माध्यम से किया जाता है। रोजगार पंजीयन पत्रक कभी भी इस एप्प के माध्यम से डाउनलोड किया जा सकता है। इस एप्प पर शासकीय–अर्धशासकीय विभागों की रिक्तियां, विभाग द्वारा आयोजित किए जाने वाले रोजगार मेला–प्लेसमेंट कैंप की अद्यतन जानकारी भी उपलब्ध कराई जाती है। इस प्रकार, रोजगार सहायता की प्रक्रिया अब और अधिक सरल एवं सुलभ हो गई है, जिससे प्रदेश के युवाओं को रोजगार प्राप्त करने में अत्यधिक सहायता मिलेगी।

जानकारी के अनुसार "छत्तीसगढ़ रोजगार एप्प" प्रदेश के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। इस एप्प के माध्यम से युवा न केवल रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे, बल्कि उन्हें रोजगार के लिए आवश्यक दस्तावेज और प्रक्रियाओं को पूरा करने में भी मदद मिलेगी। यह एप्प प्रदेश के युवाओं की बेहतरी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और यह उनके रोजगार संभावनाओं को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रदेश के रोजगार सहायता इच्छुक युवाओं के लिए यह एप्प एक नई आशा की किरण साबित होगा, जिससे वे अपनी रोजगार की समस्याओं का समाधान कर सकेंगे। इस ऐप के माध्यम से युवाओं को विभिन्न रोजगार अवसरों के बारे में जागरूक किया जाएगा और उन्हें उनकी योग्यताओं के अनुसार रोजगार प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

हरिभूमि
पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### मौसमी बीमारी से निपटने सरकारी व निजी अस्पताल भी रहेंगे हाई अलर्ट पर

**रायपुर।** मौसमी बीमारी से निपटने के लिए सरकारी अस्पतालों के साथ निजी अस्पतालों को भी हाई अलर्ट पर रखने की हिदायत दी गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अफसरों को निर्देशित किया है कि अस्पतालों में दवा सहित अन्य संसाधनों की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। राज्य में मौसमी बीमारियों की रोकथाम और उचित इलाज के संबंध में स्वास्थ्य मंत्री ने महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने सभी सरकारी और निजी अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत और प्रभावी कदम उठाए जा सकें। आपात स्थितियों में बेहतर और त्वरित उपचार प्रदान करने के लिए अस्पतालों में सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं, साथ ही कहा है कि मरीजों को किसी भी प्रकार की तकलीफ न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। श्री जायसवाल ने सभी अस्पतालों में साफ-सफाई और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं, ताकि संक्रमण फैलने की संभावना को कम किया जा सके। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए विभिन्न उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई एवं अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

### कल्चुरी के निधन पर मोदी ने जताया शोक

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधानसभाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जीजा रायपुर निवासी महेंद्र कल्चुरी के निधन पर शोक जताया है। डॉ. रमन को भेजे गए शोक संदेश में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा है कि आपके जीजा महेंद्र कल्चुरी जी के निधन का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। इस कठिन घड़ी में मेरी संवेदनाएं बहन इला कल्चुरी जी समेत पूरे परिवार के साथ हैं। महेंद्र कल्चुरी जी परिवार के लिए एक सशक्त आधार और प्रेरणास्रोत थे, उनके निधन से परिवारजनों के जीवन में आई रिक्तता की पीड़ा को शब्दों में व्यक्त कर पाना कठिन है। अज वह सशरीर आप लोगों के साथ नहीं हैं, पर उनकी स्मृतियां और जीवन मूल्य धरोहर के रूप में सदैव साथ रहेंगी।

### चंद्राकर को मंत्री बनाने की उठी मांग

**रायपुर।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा ने वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधायक अजय चंद्राकर को मंत्री बनाए जाने की मांग संबंधी प्रस्ताव पारित किया है। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभूषण वर्मा ने बताया कि महासभा द्वारा श्री चंद्राकर को मंत्री बनाए जाने की मांग संबंधी प्रस्ताव पारित किया गया है। साथ ही प्रदेश कद्दावर भाजपा नेता एवं विधायक अजय चंद्राकर को मंत्री बनाने की मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की गई है। श्री वर्मा ने कहा कि अजय चंद्राकर भाजपा के वरिष्ठ नेता है और प्रदेश के तेजतर्रार नेताओं में से एक हैं।

### पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में संभागीय खेलकूद स्पर्धा शुरू

**रायपुर।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय रायपुर नंबर-1 में मंगलवार से 53वें संभागीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता की शुरुआत की गई। यह प्रतिस्पर्धा 9 से 11 जुलाई तक लगातार चलेगी। इस प्रतियोगिता में रोप स्किपिंग, टेबल टेनिस बालक बालिका आयुवर्ग 14, 17, 19 और योगासन में केवल बालक आयुवर्ग 14, 17, 19 की प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के 20 केंद्रीय विद्यालयों से इन विधाओं के बालक और बालिका में अलग-अलग आयुवर्ग के लगभग 171 बच्चे अपने 30 अनुरक्षक शिक्षकों के साथ आए हुए हैं। इस खेलकूद प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि दक्षिण मध्य रेलवे रायपुर संभाग के महाप्रबंधक संजीव कुमार एवं विशेष अतिथि के साथ आयोजन पर्यवेक्षक स्कूल प्राचार्य बीएस अहिरे उपस्थित रहे।

# आयुष्मान का आकर्षण... 553 अस्पताल पंजीकृत, 150 से ज्यादा अनुमति के इंतजार में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

निजी अस्पतालों में आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के प्रति जबरदस्त आकर्षण है। सभी सरकारी अस्पतालों के साथ राज्य के 553 निजी अस्पताल इस योजना के तहत मरीजों का इलाज करने के लिए पंजीकृत हैं और डेढ़ सौ से ज्यादा इंपैनल्ड सूची में शामिल होने का इंतजार कर रहे हैं। नए अस्पतालों को योजना में पंजीकृत करने के लिए जिला स्तर पर निर्धारित मापदंडों को पूरा कराया जा रहा है।

राज्य में आयुष्मान योजना के तहत राशनकार्ड के आधार पर लोगों को पचास हजार से पांच लाख तक निशुल्क उपचार की सुविधा पंजीकृत अस्पतालों के माध्यम से प्रदान की जाती है। योजना के तहत डेढ़ हजार बीमारियों के उपचार की सुविधा है और प्रदेश में राशनकार्ड के आधार पर इसके 2.70 करोड़ हितग्राही हैं।

सूत्रों का कहना है कि महंगे उपचार के इस दौर में आयुष्मान मरीजों के लिए काफी मददगार साबित होता है, इसलिए पंजीकृत अस्पतालों के 80 से 90 प्रतिशत मरीज इस योजना से संबंधित होते हैं। भुगतान की राशि लंबित होने की शिकायतों के बाद भी ज्यादातर निजी अस्पताल इस योजना के तहत मरीजों का उपचार करने के इच्छुक हैं। वर्तमान में राज्य के डेढ़ सौ से अधिक निजी अस्पताल इस योजना के तहत मरीजों का उपचार करने के लिए स्वास्थ्य विभाग से अनुमति मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

## डेढ़ हजार बीमारियों का इलाज, 2.70 करोड़ आयुष्मान के हितग्राही

### कई के खिलाफ हो चुकी कार्रवाई

वर्तमान सूची में जो निजी अस्पताल शामिल हैं, उनके खिलाफ योजना में पंजीकृत मरीजों से अतिरिक्त पैसे लेने और पैकेज में गड़बड़ी साबित हो चुकी है। इन दागदार अस्पतालों के खिलाफ स्टेट नोडल एजेंसी द्वारा जुर्माना के साथ योजना से निलंबन की कार्रवाई भी हो चुकी है। ऐसे अस्पतालों की संख्या दर्जनभर से अधिक है।




### एक्सटेंशन आधार पर चल रहा काम

सूत्रों के अनुसार इस योजना के तहत अस्पतालों में योजना के मरीजों के उपचार की निगरानी का काम आउटसोर्सिंग के माध्यम से किया जाता है। दोनों एजेंसियों का कार्यकाल काफी समय पहले पूरा हो चुका है और दो बार एक्सटेंशन के आधार पर काम पूरा किया जा रहा है। संबंधित एजेंसियों को इसके लिए डाक्टर उपलब्ध कराना होता है।

### 4.73 लाख मरीज का उपचार

सूत्रों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 15 लाख 65 हजार मरीजों का उपचार किया गया था। इसमें 4.73 लाख मरीजों का इलाज राज्य के पंजीकृत अस्पतालों में किया गया था। सरकारी अस्पतालों में 10.92 लाख हितग्राहियों को बीमारी के उपचार का लाभ मिला था।

## उद्योग मंत्री देवांगन ने दिया था ये प्रस्ताव, 1687 वेंडरों का आरसी होगा निरस्त

# भूपेश सरकार का एक और फैसला बदला, सरकारी खरीदी अब जेम से, भ्रष्टाचार पर लगेगा अंकुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के एक और फैसले को पलटा गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने सरकारी खरीदी के लिए केंद्र सरकार के जेम पोर्टल को दरकिनार करते हुए रेंट कांट्रेक्ट के माध्यम से खरीदी का तरीका निकाला था। साय कैबिनेट ने इसमें बदलाव करते हुए फिर से जेम के माध्यम से खरीदी की व्यवस्था का निर्णय लिया है। खास बात ये है कि सरकार के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने इस संबंध में प्रस्ताव रखा था, जिसे कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है।



### 900 करोड़ से ऊपर की होती है खरीदी

बताया गया है कि राज्य में हर साल सरकारी खरीदी 900 करोड़ रुपए से अधिक की होती है। पूर्व में यह खरीदी केंद्र सरकार के जेम पोर्टल के माध्यम से होती थी, लेकिन कांग्रेस सरकार बनने के बाद जेम से खरीदी पर रोक लगा दी गई थी। माना जा रहा है कि सरकार के इस फैसले के बाद खरीदी में भ्रष्टाचार खत्म हो सकेगा। छत्तीसगढ़ शासन भण्डार क्रय नियम 2002 के (यथा संशोधित 2022) में संशोधन प्रारूप का अनुमोदन किया गया। राज्य शासन के समस्त विभाग आदि आवश्यकतानुसार सामग्री, वस्तुओं एवं सेवाओं जिनकी दरें एवं विशिष्टियां भारत सरकार के डीजीएसएण्डडी की जेम वेबसाइट में उपलब्ध हो का क्रय जेम वेबसाईट से उनकी नियमावली निर्धारित प्रक्रिया पालन करते हुए क्रय करेंगे। अतिरिक्त आवश्यकता होने पर सामग्री, वस्तु एवं सेवाओं के क्रय के लिए वित्त विभाग की सहमति आवश्यक होगी। छत्तीसगढ़ शासन में लगभग 114 आवश्यक सामग्रियों की आरसी जारी होती थी, जिसमें 1687 वेंडर्स का आर सी निरस्त होगा, इस निर्णय के साथ 900 करोड़ से ऊपर की खरीदी अब सीधे जेम से होगी।

### बिचौलिया सिस्टम होगा खत्म

मोदी सरकार द्वारा शासकीय खरीदी हेतु जेम पोर्टल लांच किया गया था, जिसे रमन सरकार ने अपनाया था, इससे निर्बाध रूप से राष्ट्रीय दर पर सामग्रियों की खरीदी हो जाया करती थी, पर पिछली कांग्रेस सरकार ने इसे फिर से लागू कर दिया था,जिससे राष्ट्रीय स्तर के प्रतिस्पर्धी दर का नुकसान हो रहा था, इसे शुद्ध करने के लिए स्थापित बिचौलिया सिस्टम समाप्त किया जा रहा है। अब सीधे कंपनी या उत्पादक से सीधे खरीदी संभव हो पाएगी। माना जा रहा है कि विभागों में हो रही खरीदी में भ्रष्टाचार कम करने के दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम साबित होने वाला है। उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के इस प्रस्ताव को मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों ने स्वीकार करते हुए सरकार का महत्वपूर्ण निर्णय में मुहर लगा दिया । वर्तमान में प्रचलित सीएसआईडीसी के सभी रेट कॉन्ट्रेक्ट इस माह के अंत में निरस्त करने का भी निर्णय लिया गया।

### 47 हजार आवासहीनों को सीएम आवास योजना में मिलेगा मकान

- स्थायी प्रतीक्षा सूची में नहीं थे शामिल
- साय कैबिनेट ने लिया फैसला

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश के जरूरतमंद सर्वेक्षित 47 हजार 90 आवासहीन परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया। छत्तीसगढ़ राज्य सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के तहत 01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2023 तक प्रदेश में कुल 59.79 लाख परिवारों का सर्वेक्षण पूर्ण किया गया, जिसमें 47 हजार 90 परिवार ऐसे पाए गए जो आवासहीन हैं, किन्तु उनका नाम सामाजिक आर्थिक एवं जातिगत जनगणना की स्थायी प्रतीक्षा सूची में नहीं है। ऐसे आवासहीन परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण से आवास स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया।

### आईएफएस के लिए केंद्र से लेंगे सहमति

मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य संवर्ग के भारतीय वन सेवा में वर्ष 1992 से 1994 तक के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक के पद पर पदस्थ 6 अधिकारियों को गैर-कार्यात्मक आधार पर यथास्थान प्रधान मुख्य वन संरक्षक स्तर के समतुल्य वेतनमान 1 जनवरी 2024 से प्रदान करने के लिए भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, से सहमति प्राप्त करने का निर्णय लिया गया। इसी तरह अधीक्षण अभियंता (सिविल) से मुख्य अभियंता (सिविल) के पद पर पदोन्नति के लिए निर्धारित न्यूनतम अवधि 5 वर्ष में केवल एक बार के लिए 1 वर्ष की छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

# कैटरेक्ट बैकलाग फ्री होने के दावे, मगर केंद्र सरकार जारी नहीं कर रही सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मोतियाबिंद की वजह से किसी अंधत्व की शिकायत नहीं होने के दावे विभिन्न जिले लगातार कर रहे हैं, मगर केंद्र सरकार द्वारा अब तक उन्हें सर्टिफिकेट जारी नहीं किया गया है। इन जिलों द्वारा राज्य के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज केंद्रीय स्वास्थ्य संचालनालय को भेजा जा चुका है, मगर उनकी ओर से इस पर कोई रिस्पांस नहीं लिया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ को मोतियाबिंद अंधत्व रहित करने चलाए जा रहे अभियान को अपनाया गया था। इस दौरान यह भी सिस्टम बनाया गया था कि नेत्र सहायकों सहित अन्य माध्यम से जिलेवार मोतियाबिंद की वजह से देख नहीं पाने वाले लोगों की पहचान कर उनके आपरेशन कर अंधेरा दूर किया जाए। इस दौरान यह भी सिस्टम बनाया गया था कि जो जिला अपनी सूची में शामिल लोगों की पूरी सर्जरी कर लेगा, उसे बैकलाग घोषित कर प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। राज्य में सबसे पहले कबीरधाम ने यह प्रक्रिया पूरी की, इसके बाद रायपुर सहित दस जिलों मोतियाबिंद की वजह से किसी को अंधत्व की समस्या नहीं होने के दावे कर चुके हैं, मगर अब तक किसी भी जिले को इसके लिए केंद्र की ओर से प्रमाणपत्र नहीं मिल पाया है। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार इससे संबंधित दस्तावेज भेजे जा चुके हैं, मगर वहां से कोई टीम इसकी जांच करने नहीं पहुंची है।



### अगले साल तक फ्री करने का लक्ष्य

जानकारी के अनुसार वर्ष 2025 तक छत्तीसगढ़ को कैटरेक्ट ब्लाइंडनेस फ्री करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत कोरोना के पहले यहां चार लाख ऑपरेशन करने का टार्गेट रखा गया था। स्वास्थ्य विभाग की टीम 75 प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त कर चुकी है।

### फेको पद्धति से इलाज

राज्य के अधिकतर जिलों में मोतियाबिंद का इलाज फेको तकनीक के माध्यम से किया जा रहा है। इसमें आंख में एक बारीक छेद किया जाता है, जिसके माध्यम से मोतियाबिंद को आंख के अंदर ही घोल दिया जाता है। इससे जोखिम की संभावना काफी कम होती है।

### दो और जिले फ्री

मोतियाबिंद से संबंधित ऑपरेशन लगातार हो रहे हैं। हाल ही में खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, दंतेवाड़ा जिले कैटरेक्ट ब्लाइंडनेस बैकलॉग फ्री हुए हैं।

\- डॉ. निधि अत्रीवाल, नोडल अधिकारी, अंधत्व निवारण कार्यक्रम

# प्रदेश में कानून व्यवस्था की लचर स्थिति को लेकर कांग्रेस करेगी विधानसभा का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था को लेकर प्रदेश कांग्रेस की बैठक में विधानसभा घेराव की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में बलौदाबाजार में घटित आगजनी, प्रदेश में अपहरण, लूट-पाट, हत्या व आगजनी की घटना के संबंध में भी चर्चा कर इसके लिए आंदोलन की रणनीति बनाई गई। केंद्र की एनडीए व राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ जनहित के मुद्दों को लेकर आंदोलन की रणनीति पर चर्चा, रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की तैयारी एवं रणनीति, नगरीय-निकाय चुनाव की तैयारी व रणनीति पर चर्चा, संगठनात्मक कार्यक्रमों को गति प्रदान करने पर चर्चा कर रणनीति तैयार की गई।

कांग्रेस की दो महत्वपूर्ण बैठकें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपस्थिति में हुई। जिला अध्यक्षों की बैठक में नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। यह तय किया गया कि कांग्रेस नगरीय निकाय चुनाव पूरी ताकत के साथ लड़ेगी। साथ ही रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी ने तय किया है कि मजबूत प्रत्याशी पार्टी उतारेगी और चुनाव जीतने के लिए पूरी ताकत झोंकेगी। यहां पर अभी से पार्टी की गतिविधियों को बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। जिला और ब्लॉक अध्यक्षों को प्रभारी बनाकर चुनाव के लिए सशक्त दावेदारों को मैदान पर उतारा जाएगा। वहीं कांग्रेस ने यह भी तय किया है कि संगठन में रिक्त पदों को भरने के लिए कार्यवाही शुरू की जाएगी। सक्रिय लोगों को संगठन में लाया जाएगा।

### निष्क्रिय अध्यक्ष हटाए जाएंगे

चुनाव के दौरान जिन क्षेत्रों में जिला अध्यक्षों का परफार्मेंस ठीक नहीं रहा, उन्हें हटाने के संबंध में बैठक में चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने इस पर सहमति जताते हुए कहा कि चुनाव परिणाम पार्टी की अपेक्षा के अनुसार नहीं रहे। जिला अध्यक्षों ने वहां पर अच्छा काम नहीं किया। जिन जगहों से शिकायतें आई हैं, उन्हें भी गंभीरता से लिया गया है। आने वाले समय में ऐसे जिला और ब्लॉक अध्यक्षों को हटा कर नए और सक्रिय लोगों को संगठन में लाया जाएगा।

### ये थे मौजूद

बैठक में उपाध्यक्ष गुरुमुख सिंह होरा, अंबिका मरकाम, पीआर खुंटे, प्रेमचंद जायसी, बीरेश ठाकुर, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू, महामंत्री प्रशांत मिश्रा, नरेश ठाकुर, डॉ. थानेश्वर पाटिला, राजेन्द्र साहू, सकलेन कामदार, जितेंद्र साहू, सीमा वर्मा, कन्हैया अग्रवाल, शाहिद खान, दीपक दुबे, सुबोध हरितवाल, कार्यसमिति सदस्य लालजी चंद्रवंशी, गंगा पोटाई, सुरेंद्र प्रताप जायसवाल, भोलाराम साहू और सभी जिला अध्यक्ष उपस्थित थे।

# गर्भाशय निकालने ऑपरेशन, निगरानी के लिए राज्यस्तर पर बनाई गई कमेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

पैसे के लालच में निजी और सरकारी अस्पतालों द्वारा गर्भाशय निकालने किए जाने वाले ऑपरेशन पर रोक लगाने के लिए राज्यस्तर पर कमेटी गठित की गई है। एक याचिका के आधार पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा छत्तीसगढ़ सहित सभी राज्यों को इस बारे में निर्देश जारी किया गया था। आठ माह चली कवायद के बाद अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य की अध्यक्षता में 16 सदस्यीय टीम का गठन किया गया है।

गठित कमेटी छह महीने में एक बार अपनी बैठक करेगी और जिला स्तर पर प्राप्त होने वाले आंकड़ों की समीक्षा कर अनावश्यक सर्जरी को रोकने का प्रयास करेगी। इसके अलावा मैदानी स्तर के अधिकारियों को इस बारे में जानकारी देने ट्रेनिंग दी जाएगी। कमेटी प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और निजी रूप से सरकारी और निजी अस्पतालों में होने वाले इस ऑपरेशन की निगरानी कर अनावश्यक सर्जरी को रोकने का प्रयास करेगी। वर्ष 2013 में डॉ. नरेन्द्र गुप्ता द्वारा लगाई गई याचिका के आधार पर पिछले साल केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को हिस्टेरेक्टॉमी पर जारी निर्देश को तीन माह में लागू करने कहा था। इसमें इस बात का जिक्र था कि बिहार, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में संघीय गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली कई महिलाओं को अनावश्यक रूप से हिस्टेरेक्टोमी कराने के लिए मजबूर किया जाता है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य योजनाओं के तहत अस्पतालों द्वारा अधिक लाभ कमाना होता है। इस ऑपरेशन के बाद मासिक धर्म सहित महिलाओं में कैंसर का खतरा बढ़ जाता है।

### समिति में जिम्मेदार

गठित कमेटी में संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सचिव और सहसचिव एनएचएम के प्रबंध संचालक होंगे। इसके अलावा आयुक्त चिकित्सा शिक्षा, संचालक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, संचालक चिकित्सा शिक्षा, राज्य एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण संस्था के संचालक, उपसंचालक मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम, उपसंचालक परिवार कल्याण कार्यक्रम, उपसंचालक नर्सिंग होम एक्ट, उपसंचालक एनसीडी, उपसंचालक स्टेट नोडल एजेंसी, रजिस्ट्रार मेडिकल काउंसिल, एचओडी स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग मेडिकल कालेज रायपुर सहित 16 सदस्य शामिल होंगे।

### 12 साल पहले गर्भाशय कांड

छत्तीसगढ़ में वर्ष 2012 में सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए निजी और सरकारी अस्पताल में महिलाओं के गर्भाशय निकालने का कांड हुआ था। इस मामले में दस से अधिक डाक्टरों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई थी। उस दौरान आरोप लगाया गया था कि महिलाओं को कैंसर का खतरा दिखाकर बीमा राशि का लाभ उठाने के लिए थोक में ऑपरेशन कर गर्भाशय निकाले गए थे।

# प्रदेश में 5 वर्षों से उत्कृष्ट खिलाड़ियों की घोषणा नहीं, अब नीति में संशोधन करेगा खेल विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में विभिन्न खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों का मान अब बढ़ेगा। खेल विभाग ने 5 सालों के बाद अब उत्कृष्ठ खिलाड़ी नीति 2007 को वर्तमान परिवेश के आधार पर बेहतर बनाने का मन बना लिया है। खेल एवं युवा कल्याण की संचालक तनुजा सलाम ने मंगलवार को नियम संशोधन समिति की बैठक बुलाई, जिसमें नीति में बदलाव को लेकर अधिकारियों से चर्चा हुई। 5 सालों से प्रदेश के उत्कृष्ट खिलाड़ियों की घोषणा नहीं हो पाई है। लगातार इसकी मांग खिलाड़ियों की ओर से की जा रही थी। बैठक में खेल संचालक ने खिलाड़ियों के हितों को ध्यान रखते हुए बेहतर नीति बनाने की बात कही है। उत्कृष्ट खिलाड़ी नीति 2007 को वर्तमान परिवेश के आधार पर संशोधन किया जाएगा।



खेल एवं युवा कल्याण विभाग की योजना के तहत जल्द होगी उत्कृष्ट खिलाड़ियों की घोषणा।

### राज्य शासन को सौंपेगी रिपोर्ट

विभाग ने बैठक में नीति में संशोधन के साथ ही उत्कृष्ट खिलाड़ियों के की प्रक्रिया पर काम करना शुरू कर दिया है। जल्द विभाग विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट खिलाड़ियों की घोषणा करेगा। जल्द ही संचालनालय स्तरीय नियम संशोधन समिति अपनी रिपोर्ट राज्य शासन को सौंपेगी। बैठक में संचालक खेल एवं युवा कल्याण के साथ सबा अंजुम अर्जुन अवॉर्डी, अवंती गुप्ता सहायक संचालक, संजय पॉल वरिष्ठ खेल अधिकारी, टीएन रेड्डी वरिष्ठ प्रशिक्षक, गिरीश शुक्ला खेल अधिकारी शामिल रहे।

## स्कूलों की स्थिति पूर्व मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के कारण खराब हुई

# कश्यप ने कहा- हार का ठीकरा फोड़ने व्यक्ति खोज रही कांग्रेस, मानसून सत्र को लेकर कसा तंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा, विपक्ष की विधानसभा और लोकसभा में करारी हार हुई है। जनता ने उसका मुख बंद करा दिया है। उसका बड़बोलापन खत्म हो गया है।



भगवान उसको सहन शक्ति दे। विभिन्न विषय पर चिंतन करने का अवसर प्रदान करे। कांग्रेस की बैठक को लेकर उन्होंने कहा, संगठन को कितना मजबूत करेंगे, यह तो वही जानेंगे। हार का ठीकरा किसके ऊपर फोड़ा जाए उसके लिए व्यक्ति खोज रहे हैं। स्कूलों की जर्जर स्थिति को लेकर मंत्री केदार कश्यप ने कहा, पिछले 5 सालों में स्कूलों की स्थिति पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व उपमुख्यमंत्री के कारण खराब हुई है। शिक्षा मंत्री प्रेम साय टेकाम बाबा गुट के थे, इसके कारण स्कूल शिक्षा विभाग को अनदेखी किया गया। विष्णु देव की सरकार शिक्षा विभाग को प्रथम श्रेणी में रखती है, उसकी चिंता करती है। शिक्षा व्यवस्था अच्छी होगी। केंद्रीय वित्त आयोग की टीम के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर उन्होंने कहा, 11 तारीख को मंत्रालय में बैठक होगी, जिसमें छत्तीसगढ़ के वित्तीय विषय को लेकर चर्चा होगी।

### ऐसा ना हो कि मंत्रियों को सदन छोड़कर भागना पड़े : बैज

केदार कश्यप के बयान पर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने पलटवार करते हुए कहा, केदार कश्यप गलतफहमी में हैं। मानसून सत्र ऐसा ना हो कि मंत्रियों को सदन से भागना पड़े। कांग्रेस के विधायक, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी सदन के अंदर लड़ेगी और कांग्रेस पार्टी सदन के बाहर भी लड़ेगी। सत्र में कांग्रेस का जबरदस्त प्रदर्शन रहेगा। सरकार के पास जनहित के मुद्दों को लेकर हम जाएंगे। उन्होंने कहा, बढ़ी हुई बिजली की दर, कानून व्यवस्था, फर्जी नक्सली घटनाएं, किसानों की आत्महत्या, खाद बीज पर महंगाई, ऐसे बहुत से मुद्दे हैं, जिसे कांग्रेस आक्रामक रूप से विधानसभा में उठाएगी।



## खबर संक्षेप

### जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** ग्राम नवागांव कला में एक युवक के साथ मारपीट के मामले तेंदूकोना थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि नवागांव कला के नंद कुमार यादव पिता हेमसिंग यादव (30) के साथ गांव के ही भुनेश्वर यादव (45) ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### दुकानदार से मारपीट

**महासमुंद।** उधार में सामान देने से मना करने पर किराना दुकानदार के साथ एक व्यक्ति ने मारपीट कर दी। बागबाहरा थाना अंतर्गत ग्राम सोहागपुर में हुई इस घटना को लेकर प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि ग्राम सोहागपुर नवागांव का निवासी आरोपी संतोष चंद्राकर पिता नोखेलाल नशे की हालत में नील सिंग दीवान पिता संतराम दीवान (36) के किराना दुकान उधार में सामान लेने पहुंचा था, जब दुकान संचालक ने सामान देने से मना किया तो आरोपी गालियां देने लगा और कुल्हाड़ी से वार करने का प्रयास किया, जिसमें दुकानदार बच गया, लेकिन आरोपी के कलाई में पहने चूड़े से बांये आंख में चोट आई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2), भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** बीटीआई रोड स्थित चाय दुकान के पास एक युवक के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी मयंक शर्मा पिता रितेश शर्मा (19 साल) बीटीआई रोड में स्थित चाय दुकान के पास खड़ा था। इसी दौरान उसके साथ कुनाल सिंह ठाकुर के साथ उसके दो अन्य साथियों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## पेज 11 के शेष

### 270 लीटर महुआ...

संपूर्ण एरिया का बहुत ही बारीकी से निरीक्षण किया, जिसमें आरोपी द्वारा खेत में गड्ढा खोदकर महुआ शराब को बोरी के अंदर झिल्ली में पैकिंग कर डंप किया गया था। आरोपी से कुल 270 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई, जिसका बाजार मूल्य 56 हजार है। कार्रवाई में महुआ शराब बनाने में इस्तेमाल 2 गैस चूल्हा, 2 गैस सिलेंडर, 17 एल्युमिनियम का भगोना (बांगा) भी बरामद करने में सफलता मिली है। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा मौके से महुआ शराब बनाने में इस्तेमाल 65 किलोग्राम महुआ पास (लहान) भी बरामद किया गया, जिसे मौके पर ही नस्टीकरण कर दिया गया। थाना पलारी पुलिस टीम द्वारा संपूर्ण कार्यवाही में एक शराब कोचिया को गिरफ्तार करते हुए ग्राम खैरी में नाला किनारे खेतों में चल रहे अवैध महुआ शराब बनाने की एक लघु फैक्ट्री को सफलतापूर्वक ध्वस्त किया गया है। इसके पूर्व में भी 30 जून को ग्राम खैरी में ही छापामार कर दो शराब कोचियों को गिरफ्तार करते हुए भारी मात्रा में महुआ शराब एवं महुआ शराब बनाने में इस्तेमाल गैस चूल्हा, बर्तन आदि बरामद किया गया था। प्रकरण में पकड़े गए आरोपी दिलीप 49 निवासी ग्राम खैरी थाना पलारी के विरुद्ध थाना पलारी अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

### महिला से दुष्कर्म...

दुष्कर्म करना स्वीकार किया। वहीं आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया गया है।

### जिले में उपभोक्ता...

विधि के बारे में जानेंगे एवं जागरूक होंगे। इसके साथ ही अधिवक्ताओं के लिए भी अवसर बढ़ेंगे। कार्यक्रम को कलेक्टर दीपक सोनी, संरक्षक जिला अभिभाषक संघ बीपी ठाकुर ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की रजिस्ट्रार श्रीमती हिमांशु जैन सहित अन्य अधिकारी एवं अधिवक्ता उपस्थित थे।

### आयोजन : खल्लारी विधानसभा में हुआ मतदाता अभिनंदन समारोह

# भाजपा को जीत दिलाकर विकास चुना देवतुल्य जनता ने : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के मतदाता अभिनंदन समारोह स्थानीय कृषि उपज मंडी प्रांगण में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासमुंद लोकसभा के सांसद रूप कुमारी चौधरी थी। सांसद के मंडी प्रांगण पहुंचने पर गाजे-बाजे एवं पुष्प गुच्छ के साथ कार्यक्रम प्रभारी अलका चंद्राकर ने स्वागत किया।

उपस्थित मतदाता व कार्यकर्ताओं पर पुष्पवर्षा अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूप कुमारी चौधरी सांसद, चुन्नीलाल साहू पूर्व सांसद, शंकर अग्रवाल लोकसभा संयोजक, संजय शर्मा जिला अध्यक्ष, उषा पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष, थान सिंह दीवान, शंकर तांडी एवं कार्यक्रम प्रभारी अलका चंद्राकर मुख्य रूप से उपस्थित थे।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि आपकी सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहूंगी। आप लोगों ने मुझे एवं भाजपा को आशीर्वाद दिया है, तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया है। आप समस्त मतदाताओं कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम में आज हम आप सभी का स्वागत वंदन अभिनंदन करने जा रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अन्य अतिथियों ने कहा कि खल्लारी के देवतुल्य जनता को प्रणाम करते हुए कहा कि आज आप सभी ने भाजपा को जीत दर्ज करा विकास को चुना है। नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने में आप सभी की अहम भूमिका है। अब मोदी की गारंटी और विष्णु की सुशासन से देश प्रदेश और खलारी का तीव्र गति से विकास होगा। आने वाले कुछ समय पश्चात अब हम सभी कार्यकर्ताओं को अभी से नगरीय निकाय चुनाव एवं पंचायत चुनाव में अपनी सक्रिय भागीदारी दिखाना है। ताकि, सभी स्थानीय संस्थाओं में भाजपा के समर्थित जनप्रतिनिधि चुन कर आए और विकास का मार्ग प्रशस्त करें। नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी योजना एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत 51 पौधे लगाए गए। इससे पहले कार्यक्रम प्रभारी अलका ने स्वागत भाषण में कहा कि विधानसभा चुनाव में हुई गलती का पश्चाताप खल्लारी के मतदाताओं ने किया। इतिहास में पहली बार लोकसभा चुनाव में खलारी में जीत हासिल हुई। कार्यक्रम का संचालन जसराज चंद्राकर जिलाध्यक्ष भाजयुमो एवं आभार प्रदर्शन संजय मालवीय ने किया। कार्यक्रम में प्रेम साहू, सागर चंद्राकर, प्रीतम साहू, धर्म दीवान, पालेश्वर पटेल मंडल अध्यक्ष, आबिद कुरैशी, दुबे लाल साहू, हितेश चंद्राकर, हेमंत तिवारी, नरेंद्र बग्गा, भेख लाल, अजीत टांडी, सत्तू टांडी, हरमीत बग्गा, नंदू सोनी, कल नायक, नवीन पटेल, मूलचंद साहू, चंद्रशेखर ध्रुव, दिनेश चंद्राकर, रूपेश साहू, मायाराम साहू, कल्पना सिंह, जानवी साहू, डाली ध्रुव, दुलारी चंद्राकर, अमरीका ध्रुव, दीनबंधु सेन, तुलाराम पानौरिया, लोकेश पैनोरिया, हीरा साहू समेत बड़ी संख्या में मतदाता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नशामुक्ति अभियान में 60 गांवों से पहुंचे लोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

छत्तीसगढ़ धीवर समाज रायखेड़ा परगना द्वारा अध्यक्ष अशोक धीवर के संयोजन में ग्राम तुलसी में नशा मुक्ति अभियान एवं सामाजिक सम्मेलन किया गया। इसमें परिक्षेत्र के लगभग 60 गांवों के ग्राम प्रमुख और ग्रामीण भारी संख्या में उपस्थित हुए। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पुरुषोत्तम धीवर युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष धीवर समाज, अति विशिष्ट अतिथि महेंद्र साहू, विशिष्ट अतिथि जितेंद्र निर्मलकर कवि, गोपाल वर्मा, मनहरण वर्मा जनपद सदस्य प्रतिनिधि, कमलेश मटियारा, भूपेंद्र तारक कवि तथा अशोक धीवर की अध्यक्षता एवं कुशल संचालन में संपन्न हुआ। कवियों ने कविता पाठ तथा अतिथियों ने नशा मुक्ति विषयक उद्बोधन से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। संयोजक अशोक धीवर द्वारा नशा मुक्ति संकल्प साधना करवाकर अभिमंत्रित करके जल पिलाया। जो लोग नशामुक्त हैं उन्हें अंगवस्त्र, श्रीफल, प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में महिलाएं भी उपस्थिति रही। सबको नशा विरोधी वीर प्रमाण पत्र से देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की सभी समाजसेवियों जमकर तारीफ की और ऐसे कार्यक्रम पुनः करने की इच्छा जताई। ज्ञात हो कि अशोक धीवर–पेंटर, मूर्तिकार, साहित्यकार, संपादक एवं छंद साधक के साथ–साथ कुशल संचालक एवं श्रेष्ठ वक्ता भी है। ऐसे बहुमुखी व्यक्तित्व वाले अध्यक्ष पाकर समाज भी गौरवान्वित है। निश्चित रूप से ऐसे कार्यक्रम पुनः करने का प्रयास किया जाएगा। जिससे नशा मुक्त लोगों की संख्या बढ़ती रहे।

# समाजसेवी बालानी ने स्कूल को भेंट की 170 थाली

**भाटापारा।** शासकीय आदर्श प्राथमिक शाला लाल बहादुर शास्त्री वार्ड भाटापारा में सघन पौधारोपण अभियान चलाया गया। दो दिन के इस अभियान में विभिन्न प्रजाति के लगभग 60 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैलाश बालानी के पुत्र और कुशल बालानी द्वारा प्रधानमंत्री के आह्वान पर मां के नाम एक पौधा रोपा गया। स्वर्गीय जयराम बालानी की स्मृति में उनके जन्म दिवस पर बच्चों को न्योता भोजन दिया गया। शाला परिवार की पूर्व मांग को पूरा करते हुए बालानी द्वारा बच्चों के भोजन करने के लिए 170 थाली स्कूल को दान स्वरूप भेंट की, जिसके लिए प्रधान पाठक शत्रुहन डहरिया एवं शाला परिवार ने इनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की। पिछले सत्र में भी शाला में मंच



निर्माण इनके सौंजन्य से हुआ था। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि एबीईओ भास्कर देवांगन, मुकेश अग्रवाल, विशेष अतिथि समन्वयक मुकेश देवांगन, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से सुश्री संयोगिता शर्मा, एसआर फूटान, जानकी फूटान के अतिरिक्त एसएमसी अध्यक्ष लोकेश्वरी ध्रुव, समस्त शिक्षकगण सर्वश्री प्रमोद वर्मा, वीरेंद्र मानसरोवर, बंशीलाल चौहान, शत्रुघन कुर्रे और सविता सोनकर की उपस्थिति रहीं। यह चौथा अवसर था जब विद्यालय में न्योता भोज का आयोजन हुआ।

# 6वीं से 10वीं तक के छात्रों का होगा प्री टेस्ट

**खरोरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में ईएसपीएल कोड 852 में 8 से 28 जुलाई तक आईसीटी योजना अन्तर्गत सत्र 2024–25 में कक्षा 6वीं से 10वीं तक की कक्षाओं के विद्यार्थियों का आईसीटी लैब युक्त विद्यालयों में प्री टेस्ट आयोजन करने संबंधी राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ से आदेश प्राप्त हुआ था। इसमें कक्षा 6वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान के आंकलन हेतु प्री टेस्ट लिया जाना है। इस परीक्षा में विद्यार्थियों को अंग्रेजी, हिंदी, गणित, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान तथा कंप्यूटर विषय से संबंधी 25 वस्तुनिष्ट प्रश्न, आधारित ऑनलाइन परीक्षा दिलानी है। इसी तारतम्य में मिडिल स्कूल खरोरा ईएसपीएल कोड 852 में बुधवार तक कुल कक्षा 6वीं में 26



छात्र छात्राएं, 7वीं में 25 एवं कक्षा 8वीं में 25 छात्र छात्राओं में भाग ले लिया हैं। ऑनलाइन परीक्षा में बच्चों का परिणाम उत्तम आ रहा है। शाला पूर्व माध्यमिक शाला खरोरा के प्रधान पाठक सुशीला वर्मा द्वारा कहा गया है कि ऐसे ही परीक्षा बीच–बीच में उच्च कार्यालय द्वारा कराई जानी चाहिए, जिससे बच्चों की आंकलन परिलक्षित होता है।

# प्रवेशोत्सव पर बच्चों को परोसा स्वादिष्ट भोज

**बंगोली।** विकासखंड तिल्दा संकुल केंद्र बंगोली के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बंगोली में शाला प्रवेशोत्सव व न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मिस्तुबीसी कंपनी वाइस प्रेसिडेंट एवं अस्तित्व महिला साक्षरता एवं सशक्तिकरण संस्थान छत्तीसगढ़ की प्रमुख मुख्य अतिथि अनुपम दीवान ने कहा कि दुनिया में ऐसा कोई भी कार्य नहीं जिसे बेटियां न कर सके। उन्होंने देश की सफल महिलाओं का उदाहरण देते हुए बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज बेटियां अपनी मेहनत, लगन, निरंतर सक्रियता, समर्पण व संघर्ष के सदपरिणामस्वरूप न केवल अकादमिक बल्कि खेल, कला, संगीत, तकनीकी, अभियांत्रिकी, सामाजिक, राजनीतिक हर क्षेत्र में आदर्श प्रस्तुत कर रही हैं। उन्होंने डोमार धुरंधर व अहिल्या की बेटियां नम्रता, नताशा द्वारा निर्मित मधुबनी पेंटिंग की मांग अमेरिका तक होने व उनके निर्यात से प्राप्त आय की मिसाल देते हुए कहा कि आत्मनिर्भर बनने से आत्मबल में वृद्धि होती है और बेटियां जीवन मे आने वाली विकट परिस्थितियों का सामना करने का हौसला जुटा पाती हैं। श्रीमती दीवान ने लगनशील बेटियों को फाउंडेशन की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। उल्लेखनीय है कि श्रीमती दीवान शाला को फर्नीचर हेतु एक लाख बीस हजार रुपये दान किया था, जिससे पहिली से पांचवी तक के



अध्ययनरत बच्चों के लिए विद्यालय में पर्याप्त फर्नीचर उपलब्ध है। बालकों ने सरस्वती वंदना एवं लुशिका शर्मा व साथियों ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर लोगों से खूब तालियां बटोरी। प्रधानपाठक सविता चंद्राकर ने शाल श्रीफल से अतिथियों का अभिनंदन करते हुए सोना वर्मा द्वारा स्वीकृत व निर्मित अतिरिक्त कक्ष 8.32 लाख तथा अनुपम दीवान की ओर से प्रदत्त 1.20 लाख के लिए हार्दिक आभार जताया। सोना वर्मा ने प्रधानपाठक सविता चंद्राकर की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए उन्हें सम्मानित किया।



# महंत रामसुंदरदास ने की गौमाता की पूजा-अर्चना

**पलारी।** गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष दुग्धाधारी रायपुर मठ के मठाधीश राजेश्री महंत राम सुंदर दास बुधवार को पलारी प्रवास पर रहे। वे अपने समर्थक पार्षद प्रतिनिधि भूषण ठेठवार के निवास स्थान पर गोधन की पूजा अर्चना की तथा अपने हाथों से गोमाता को चारा खिलाया।

स्थानीय विश्राम गृह में प्रेस क्लब पलारी के निर्विरोध अध्यक्ष बनने पर रज्जाक खान, उपाध्यक्ष यमलोक साहू को शाल भेंटकर सम्मानित किया तथा कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात कर चर्चा की। इस अवसर पर पार्षद नीतू भूषण ठेठवार, पत्रकार रज्जाक खान, यमलोक साहू, पार्षद प्रतिनिधि भूषण ठेठवार, राधे वर्मा, इन्द्र कुमार वर्मा, डॉ. डीपी धुरंधर, लाला वर्मा, सुमित तिवारी, अजित अग्रवाल, प्रेम दास, संतोष मिश्रा सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

# भीषण गर्मी से राहत के लिए पौधे लगाना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

एक पेड़ मां के नाम के तहत सिमगा भाजपा मंडल के पदाधिकारियों ने पौधारोपण किया। भाजपा मंडल महामंत्री छोटे लाल यदु के नेतृत्व में स्थानीय शर्मा फार्म हाउस में भाजपा नेता रमेश सोनी, पूर्व पार्षद व मंडल उपाध्यक्ष सचिन जैन, नीरज शर्मा, परस पाटकर, नारायण निषाद, विजय सलुजा, पृतपाल भाटिया, सतीश जैन, राजेश सिंह व नरेन्द्र शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में नरेन्द्र शर्मा ने कहा कि वृक्ष आज के दौर में सबसे आवश्यक है। बढ़ते तापमान से मुक्ति केवल वृक्षों से ही प्राप्त होगी तथा पानी की कमी व जल स्तर को बनाए रखने के लिए यह अती आवश्यक है। श्री सोनी ने कहा कि



पौधा लगाकर उसे लगभग 4 वर्षों तक देख भाल करने से ही सफल वृक्षारोपण अभियान माना जाएगा। एक दिन पौधारोपण अभियान चलाकर भुल जाने से काम नहीं चलेगा, उसकी सेवा करनी होगी।



# कबाड़ से जुगाड़ स्पर्धा में बच्चों ने बनाये मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

एबीसी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने कबाड़ से जुगाड़ स्पर्धा में विज्ञान और गणित के विभिन्न आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए। कबाड़ से जुगाड़ लोगों के अंदर रचनात्मकता का भाव भी पैदा करता है। प्राचार्य ने कहा कि हम अपने घर की कई बेकार वस्तुओं से कोई ना कोई उपयोगी वस्तु बनाकर कबाड़ में आने वाली वस्तु को फेंकने की जगह उनको उपयोगी उत्पाद में बदल सकते हैं, इससे प्लास्टिक कचरे में निरंतर कमी आती जाएगी और पर्यावरण संरक्षण भी बढ़ेगा। विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पवनी, बेलटिकरी और सरधाभाठा आज लगेंगे राजस्व शिविर

**बिलाईगढ़।** बिलाईगढ़ अनुविभाग में 11 जुलाई को पवनी, बेलटिकरी और सरधाभाठा में राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा। पवनी शिविर बिलाईगढ़ तहसील के पवनी शिविर में गोविन्दवन, पथरिया, बिसनपुर, लुकापारा, छिर्रा, पवनी और बरभाठा के ग्रामीण शामिल होकर अपने राजस्व संबंधी कार्य करा सकते हैं। बेलटिकरी शिविर भटगांव तहसील के बेलटिकरी शिविर में बेलटिकरी, चुरेला, डुरूमगढ़, नकटीडीह और ठरकपुर के नागरिक शामिल होकर अपने राजस्व प्रकरणों का निराकरण करा सकते हैं। सरधाभाठा शिविर में सरसींवा तहसील के सरधाभाठा शिविर में मेहतरा (स), सरधाभाठा, मंधईभाठा और चकरदा के ग्रामीण अपने राजस्व कार्य करा सकते हैं। नागरिक और किसान राजस्व शिविर में उपस्थित पंचायत सचिव, पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। साथ ही कोटवार शिविर के दिन की सूचना मुनादी के माध्यम से गांवों में देंगे। राजस्व कार्यों जैसे बी–1 नकल, खसरा, फौती नामांतरण, खाता विभाजन, डायवर्सन, सीमांकन, बटांकन, अभिलेख शुद्धता, भूअर्जन, प्राकृतिक आपदा आदि के सभी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। मैदानी कार्य जिसमें संबंधित किसान के खेतों में जाकर नाप–जोख करना होगा उनको छोड़कर अन्य सभी कार्य जैसे खसरा शुद्धिकरण, आय, जाति, निवास, केसीसी फार्म, डिजिटल सिग्नेचर आदि कार्य में पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार से संबंधित सभी कार्य शिविर में ही संपन्न होगा।

# आदिवासी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने की कलेक्टर से मुलाकात



**पलारी।** विगत दिनों सर्व आदिवासी समाज पलारी के ब्लॉक प्रतिनिधि मंडल ने नवपदस्थ जिला कलेक्टर दीपक सोनी को सौंजन्य मुलाकात कर पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। साथ ही आदिवासी समाज के विभिन्न समस्याओ को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिस पर कलेक्टर ने जल्द ही पूरा करने बात कही। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश ध्रुव, जिला उपाध्यक्ष भानु ध्रुव,ब्लॉक अध्यक्ष पलारी डॉ. भान सिंह ध्रुव, उपाध्यक्ष उत्तम कुमार नागवंशी, जिला सहसचिव दशरथ धुरव, युवा प्रभाग जिलाध्यक्ष कामेश मंडावी, युवा प्रभाग सदस्य कृष्णा ध्रुव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

बालाजी प्रा. आई.टी.आई
ITI BHATAPARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग
छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा
89595-93918 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### डमरू में आयुर्वेद शिविर कल

**बलौदाबाजार।** शासकीय आयुर्वेद औषधालय परिसर डमरू में शुक्रवार को विशेष आयुर्वेद चिकित्सा निदान एवं उपचार शिविर सुबह 10 से शाम 4 बजे तक आयुष चिकित्सा पध्दतियों एवं उनके सिध्दांतों द्वारा निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा का निदान किया जाएगा। मौसमी बीमारियों वायरल फीवर, आई फ्लू, सर्दी, खांसी, बुखार, वातरोग, उदर रोग, चर्मरोग आदि प्रकोप होने से बीपी सुगर, लकवा, बढ़ जाता है। शिविर में बीपी शुगर वनज, एनिमिया, (खून की कमी), मलेरिया, आदि का जाचं निःशुल्क जांच की जाएगी। ऐसे समय में आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रणाली से उपचार करने से बीमारी जड़ से ठीक होती है। इसी बात को ध्यान में रखकर डमरू में शिविर रखा गया है। आम जनता से अपील की गई है कि शिविर में अधिक–अधिक आकर लाभ उठाए। ऐसा शिविर बार–बार नहीं लगता। शिविर में डॉ. देवेन्द्र कुमार भैना एवं डॉ. एलएस ध्रुव अपनी सेवाएं देंगे।

### बोइरगांव में बनेगा 12 ज्योतिर्लिंग मंदिर

**महासमुंद।** ग्राम बोईरगांव में अंगारमोती मंदिर परिसर के जमीन में 12 ज्योतिर्लिंग का स्वरूप, राधा कृष्ण व राम लला के भव्य मंदिर का निर्माण के लिए पिछले दिनों विधिवत पूजा अर्चना के साथ भूमिपूजन किया गया था। इस मौके पर पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव सहित क्षेत्रीय व स्थानीय लोग उपस्थित रहे। उक्त मंदिर की लागत राशि करीब 1.25 करोड़ रुपए है। इस भव्य मंदिर का निर्माण करीब 25000 वर्गफीट में होगा। बोईरगांव में उक्त मंदिर के प्रमुख निर्माणकर्ता सोनसाय पटेल हैं। जिनके द्वारा इस मंदिर के धाम सेवा समिति का गठन भी किया गया है। जिसमें स्थानीय व क्षेत्रीय लोगों की यह एक टीम है। बोईरगांव में यह मंदिर लोगों के सहयोग और दान की राशि से बनाया जाएगा।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 को

**महासमुंद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 13 जुलाई शनिवार को संपूर्ण देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य तथा प्रभावित पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक अदालत एक प्रभावशाली कदम है। जिसके लिए जिला न्यायालय महासमुंद के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद द्वारा नेशनल लोक अदालत के लिए खंडपीठों का गठन कर विभिन्न प्रकरणों तथा प्री.लिटिगेशन का निराकरण किया जाएगा। लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में राजीनामा योग्य अपराधिक प्रकरणों धारा. 138, परक्राम्य लिखत अधिनियम, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों, बैंक रिकवरी प्रकरण, सिविल प्रकरण, निष्पादन प्रकरण, विद्युत संबंधी मामलों तथा पारिवारिक विवाद के मामलों का निराकरण किया जाता हैं। इसके अतिरिक्त राजस्व, बैंक, विद्युत विभाग दूरसंचार विभाग नगर पालिका परिषद में वसूली संबंधी लंबित प्रकरण, प्री. लिटिगेशन प्रकरण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत किए जाएंगे, जो विधिवत पंजीयन उपरांत संबंधित पक्षकारों के प्रकरण लोक अदालत खंड पीठ में निराकृत किए जाएंगे। इस तरह पक्षकार अपने न्यायालयीन प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से करा सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद द्वारा पक्षकारों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर नेशनल लोक अदालत को सफल बनाएं।

### कॉलेज जाने निकला युवक लापता

**महासमुंद।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम बेमचा से कॉलेज जाने की बात कहकर घर से निकला युवक 9 दिन बाद भी घर नहीं पहुंचा। मामले को लेकर परिजनों ने सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। युवक के पिता सुरेंद्र चंद्राकर ने बताया कि हेमंत चंद्राकर (21) महासमुंद के वल्लभाचार्य कॉलेज में 1 जुलाई को पीजी डीसीए में एडमिशन होने की बात कहकर सुबह 10 बजे घर से निकला था।

# जिला कोषालय में लागू होगी ई–देयक तथा ई–लेख व्यवस्था

## वित्त विभाग ने राज्य के सभी कोषालय अधिकारी को जारी किया पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए वित्त विभाग ने आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कोषालय एवं उप कोषालय में जुलाई-2024 से देयकों का प्रस्तुतीकरण सिर्फ ऑनलाइन माध्यम से किया जायेगा। इस प्रक्रिया के सुचारू रूप से संचालन हेतु सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के पास नेटवर्क की सही स्पीड देयकों के साथ अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज की स्केनिंग करने समुचित क्षमता वाला स्केनर तथा अन्य आवश्यक इलेक्ट्रानिक्स सामग्री उपलब्ध हो। साथ ही साथ वैध डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट भी आवश्यक होगा। कोषालय एवं उप कोषालय में देयक प्रस्तुत करने की प्रक्रिया में आहरण एवं संवितरण अधिकारी द्वारा ई–कोष साफ्टवेयर में ई–पेरोल तथा ई–बिल मॉड्यूल में ऑनलाइन माध्यम से देयक तैयार किये जायेंगे तथा डीएससी का उपयोग करने के बाद देयकों को कोषालय को अग्रेषित किया जायेगा। ई–पेरोल में सिस्टम से जनरेटड होने वाले शेडयूल में प्रत्येक में डीएससी तथा ई–बिल में एक डीएससी आवश्यक होगा, यदि पे–बिल के साथ



कोई डाक्यूमेंट अपलोड किया जाना है तो साइन्ड डाक्यूमेंट पीडीएफ फॉर्मेट में अपलोड किया जावेगा, जिसमें डीएससी आवश्यक नहीं होगा।

ई–पेरोल के अलावा अन्य सभी देयकों में एक डीएससी तथा सभी संलग्न उप प्रमाणक को स्केनिंग कर अपलोड किया जाना होगा। इसमें डीएससी अनिवार्य नहीं होगा। यदि एक फाइल का साइज 5 एमबी से अधिक है, तो फाइल साइज को कम्प्रेस कर अपलोड किया जाना होगा। कम्प्रेस करने हेतु ऑनलाइन उपलब्ध इसी ई-कोष साफटवेयर का उपयोग किया जा सकता है अथवा देयकों की संख्या में वृद्धि की जा सकती है। सभी अटेचमेंट पीडीएफ फार्मेट में ही अपलोड किया जाना अनिवार्य है। देयकों को तैयार करने हेतु मेकर स्तर तथा चेकर स्तर रखा गया है, जिसमें मेकर द्वारा बिल तैयार कर चेक लिस्ट का परीक्षण किया जायेगा तथा चेकर द्वारा बीटीआर नम्बर और बिल को परीक्षण तथा डीएससी किया जायेगा। कोषालय अधिकारी द्वारा संबंधित डीडीओ हेतु ऑनलाइन बीटीआर नम्बर जारी किया जायेगा। इसी नंबर अनुसार देयक कोषालय में अग्रेषित किए जायेंगे तभी डीडीओ द्वारा देयक की एक हार्ड कॉपी निकालकर संधारित किया जाएगा।

## नगरीय निकाय चुनाव में जुटने के लिए कार्यकर्ताओं का आह्वान

# भाजपा कार्यसमिति की बैठक में रखा शिवरतन शर्मा ने राजनीतिक प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक रायपुर में सम्पन्न हुई, जिसमें भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने राजनीतिक प्रस्ताव रखा, जिसका समर्थन उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने किया। प्रस्ताव में कहा गया है कि एक तरफ जहां भाजपा विश्वास और विकास के एक नए युग में भारतीय लोकतंत्र को ले जा रही है, वहीं कांग्रेस लगातार अपनी हरकतों से देश और लोकतंत्र को कलंकित कर रही है। कार्यसमिति ने भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है कि आगामी निकाय और पंचायत चुनाव में भी जनता के बीच जाकर पार्टी की रीति-नीति, मोदीजी की गारंटी और अपनी सरकारों की उपलब्धियों को बताएं और निकाय व पंचायत चुनाव में भी पार्टी की जीत सुनिश्चित करने में अपनी प्रभावी भूमिका निभाएं।

राजनीतिक प्रस्ताव में उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने संसद में हिन्दुओं को हिंसक कहकर देश और सनातन समाज का अपमान किया है। इसी तरह उन्होंने श्रीराम मंदिर आंदोलन के बारे में भी अनर्गल बयानबाजी कर हिंदू भावना को आहत किया है। यह विस्तारित कार्यसमिति राहुल गांधी के इस बयान की निंदा करती है। हजारों वर्षों से शांति और अहिंसा के लिए विख्यात हिन्दू समाज को इस तरह अपमानित करने की जितनी निंदा की जाए वह कम है।



रस्ताव में यह भी कहा गया है कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनोव में भी लगातार झूठों का महाजाल फैलाया था। संविधान पर झूठ, आरक्षण खत्म कर देने का झूठ, चावल बंद कर देने का झूठ, महतारी वंदन योजना समाप्त कर देने का झूठ, यहां तक झूठ की मोदीजी जीतेंगे तो आगे से चुनाव नहीं होंगे। इन तमाम झूठों का पर्दाफाश कर भाजपा ने सतत जनता का विश्वास हासिल किया है। हाल के दोनों चुनावों में मिली सफलता से उत्साहित यह कार्यसमिति भाजपा कार्यकर्ताओं का आह्वान करती है कि आगामी निकाय और पंचायत चुनाव में भी जनता के बीच जाकर पार्टी की रीति-नीति, मोदीजी की गारंटी और अपनी सरकारों की उपलब्धियों को लेकर निकाय और पंचायत चुनाव में भी पार्टी की जीत सुनिश्चित करने में अपनी प्रभावी भूमिका निभाएं।

प्रदेश भाजपा की यह विस्तारित कार्य समिति ऐसे महत्वपूर्ण और विलक्षण समय पर हो रही है, जब भाजपा ने चतुर्दिक विकास की ऐतिहासिक गाथा लिखी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी ने सफलता की ऐसी कहानी लिखी है, जिसे दोहराना अन्य दलों के लिए सदियों में संभव नहीं होगा। आज इस कार्यसमिति को न केवल तीसरी बार पूर्ण बहुमत से केंद्र में सरकार बनाने की प्रसन्नता है, बल्कि छत्तीसगढ़ समेत तीन बड़े राज्यों में भी ऐतिहासिक वापसी का गौरव भी है। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में अभी तक की सबसे अधिक सीटें प्राप्त होने, अभी तक का सबसे अधिक मत प्रतिशत पाने और विपक्षी दल से मत प्रतिशत में सबसे अधिक अंतर से जीत हासिल करने यह कार्यसमिति आह्लादित है। उक्त कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खटर, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित प्रदेश के सारे केबिनेट मंत्री, भाजपा विधायक सांसद, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यसमिति के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# सब्जी में आया उछाल टमाटर 60 के पार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

वर्षाकाल प्रारंभ होन के साथ ही नगर के सब्जी बाजार में जबरदस्त उछाल देखने को मिल रहा है। जो हरी सब्जी भीषण गर्मी के दौर में पानी के मोल मिल रही थी, अब उसके दाम आसमान छूने लगे हैं। नगर के बाजार से मिली जानकारी के अनुसार जो टमाटर अभी अप्रैल–मई के महीने में करीब 20 रुपए प्रति किलो था, वह हाल के दिनों में हुई बारिश के बाद 60 रुपए किलो तक पहुंच गया है। सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि बारिश शुरु होने के बाद लोकल टमाटर की आवक पूरी तरह से बंद हो चुकी है और जो टमाटर बाहर से आ रहा है उसके दाम अधिक हैं। इसी प्रकार बाजार में हरी सब्जी भिंडी इस समय 40 रुपए, आलू 40 रुपए, फूलगोभी 60 रुपए, पत्ता गोभी 40 रुपए, परवल 60 रुपए, करेला 60 रुपए, बरबट्टी 40 रुपए, भांटा 40 रुपए तथा प्याज 40 रुपए प्रति किलो बिक रहा है, जबकि अभी इन सभी सब्जियों के दाम अप्रैल–मई के महीने में 10 से 40 रुपए प्रति किलो से अधिक नहीं था। कुल मिलकार देखा जाए तो बारिश का सीजन प्रारंभ होन के साथ ही सब्जियों के दामों ने लोगों का बजट बिगाड़ दिया है।

# नपं अध्यक्ष ने स्कूल में किया न्योता भोज का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

शिवरीनारायण नगर के शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला में न्योता भोज का आयोजन नगर पंचायत शिवरीनारायण के अध्यक्ष अंजनी मनोज तिवारी के तत्वावधान में किया गया। इस दौरान स्कूल के 80 बच्चों ने स्वादिष्ट भोजन खाया। इस अवसर पर नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं, पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर प्रधानपाठक ओम प्रकाश शर्मा ने बताया की सन 2024 में प्रथम बार न्योता भोज का आयोजन ओपी शर्मा द्वारा स्वयं, द्वितीय न्योता भोज आयोजन नगर पंचायत अध्यक्ष अंजनी मनोज तिवारी द्वारा संपन्न हुआ। अग्रिम तीसरा न्योता भोज प्राचार्य बसंत देवांगन द्वारा और चतुर्थ न्योता भोज का आयोजन 4 सितंबर को पुनः अंजनी मनोज तिवारी द्वारा उनके बच्चे के जन्म दिवस पर आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में नगर के सभी सरकारी विद्यालय के छोटे बच्चे बालक-बालिका शामिल होंगे। मीडिया के माध्यम से उन्होंने कहा कि सुख दुख के कोई भी कार्यक्रम हम घर में कराते है। इसी कड़ी में बच्चों को स्वादिष्ट भोजन कराकर बच्चों से हम शुभ आशीष पा सकते हैं। कहते हैं बच्चे भगवान के रूप होते हैं।

# समन्वयक ने जन्मदिन पर बच्चों को परोसा स्वादिष्ट न्योता भोज



**गोपालपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के शिक्षा विभाग में एक अनुभव पहल की है कि कोई भी शिक्षक, पालक, गणमान्य नागरिक, समिति अपने खुशहाली के मौके पर स्कूलों में न्योता भोज का आयोजन कर सकता है। इस तारतम्य में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला धौराभाठा (घो.) के शिक्षक एवं समन्वय बिरेन्द्र कुमार कोशले ने अपने जन्म दिन के अवसर पर संकुल केन्द्र में न्योता भोज का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में एस एल साहू विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बिलाईगढ़, एसएल पटेल संकुल प्राचार्य, संजीव राजेत्री ब्लॉक नोडल अधिकारी, खोलबहरा के सरपंच जाटवर, डीआर टण्डन, पंचगण, संकुल के सभी प्रधानपाठक, शिक्षक, शिक्षिका, समिति के अध्यक्ष, महिला स्व सहायता समुह, रसोइया सफाई कर्मी एवं सभी छात्र छात्राओं की मौजदगी में जन्म दिवस मनाया गया। इसके बाद सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। विगत सत्र 2023-24 की परीक्षा में सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को बीईओ एवं संकुल प्राचार्य के हाथों पुरुस्कार प्रदान किया गया। परीक्षा में ही नहीं बल्कि सत्रभर जिन बच्चों की उपस्थिति सबसे अधिक रही उन्हें भी पुरस्कार दिया गया। बीईओ ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए कहा सकल होने के लिए किताब से मित्रता करने एवं पढ़ाई में मन लगाने की बात कही। संकुल प्राचार्य ने कहा कि धौराभाठ के छात्र छात्राएं हायर सेकण्डरी खम्हरिया में हमेशा बेहतर परिणाम लाने में सदैव आगे रहे हैं। कक्षा 10-12वीं में प्रथम अथवा द्वितीय स्थान अवश्य लाते रहे और आगे बेहतर परिणाम लाने की अपेक्षा रखते हैं। सरपंच ने अपने गुरु जन एवं माता पिता के नाम रोशन करने की बात कही। डी आर टण्डन ने न्योता भोज कार्यक्रम रखने एवं जन्म दिन के लिए कोसले समन्वय को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वे शासकीय स्कूल एवं निजी स्कूलों मे जो अंतर समझते हैं उनको समाप्त करने अपील की। शिक्षित से सुशिक्षित तैयार करने कि शिक्षकों की बात कही एवं पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं बधाई दी। सभी अतिथियों एवं शाला के छात्र छात्राओं को जन्मदिन की मिठाई वितरण करते हुए न्योता भोज परोस गया।

# अनहोनी से बचने मनाई माता पहुंचनी किया हल्दी और तेल का छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

- नगर में वर्षों की परम्परा आज भी कायम
- भक्ति के रंग में डूबा पूरा नगर

आस्था, विश्वास, समर्पण का महापर्व माता पहुंचनी पर्व खरोरा में धूमधाम से मनाया गया। आज भी सदियों से चली आ रही परम्परा यहां कायम हैं। माता पहुंचनी मनाने की परम्परा अभी से नहीं पुरातन काल से चली आ रही है। गांव की आराध्य देवी मां शीतला के दरबार में इस वर्ष भी 8 जुलाई आस्था विश्वास एवं धार्मिक वातावरण के बीच स्वस्थ और निरोगी रहने की कामना लिए श्रद्धालु मां शीतला के दरबार में पहुंचे। दोपहर बाद भक्तों का अपार जनसमूह मंदिर प्रांगण में देखने को मिला। सदियों से चली आ रही इस परम्परा के बारे में मंदिर के पुजारी ने बताया यह परम्परा हमारे पुरखों की देन है। गांव में किसी प्रकार के अनहोनी से बचने के लिए मां शीतला के दरबार में भक्तगण आते हैं। माता पहुंचनी के दिन विशेष तैयारी की जाती है। इस दिन नीम के पत्ते हल्दी व तेल को आपस में मिलकर भक्तों के सिर के ऊपर छिड़काव किया जाता है।



### बीमारियों से होता है बचाव

माताएं अपने साथ घर से थाली में नारियल, हल्दी, तेल चावल, दाल थोड़ी थोड़ी मात्रा में लेकर आती है और प्रसाद स्वरूप ठंडई के रूप में अपने घर ले जाकर परिवार के सभी सदस्यों पर छिड़काव करती है। माना जाता है कि ऐसा करने से परिवार में किसी प्रकार के बीमारियों का प्रकोप नहीं होता। बताया जाता है कि पुराने समय में माता पहुंचनी के दिन बली प्रथा का प्रचलन था जो समय के साथ धीरे धीरे समाप्त हो गया। अब माता के चरणों में नारियल चढ़ा कर स्वस्थ और निरोगी रहने की मन्नत मांगी जाती हैं, जिसमें सेवा समिति द्वारा संगीत मय ढोल नगाड़ों मांदर की थाप पर भक्ति में डूबे माता सेवा गीत गाकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया गया। श्रद्धालु पूरे समय भक्ति के रंगों से सराबोर दिखाई देते रहे। लोगों का कहना है कि आज भी सदियों से चली आ रही परंपरा को देखकर मन प्रफुल्लित हो जाते हैं।

## नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# जिले के 30 यात्री अयोध्या में प्रभु श्रीराम का करेंगे दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

श्री रामलला दर्शन योजना के जिला नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान ने जिले के 30 तीर्थयात्रियों से भरी बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ सरकार भगवान श्रीराम के अयोध्या धाम का दर्शन यात्रियों को निःशुल्क करा रही है। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक विनय तिवारी के नेतृत्व में विभाग के एक केयरटेकर के साथ सभी तीर्थ यात्रियों को कलेक्टर कार्यालय परिसर सारंगढ़ से रेलवे स्टेशन बिलासपुर के लिए रवाना किया गया। यह सभी तीर्थयात्री ट्रेन द्वारा बिलासपुर से अयोध्या धाम जायेंगे। जिले के तीर्थयात्रियों ने यात्रा के पूर्व सामूहिक रूप से भगवान श्रीराम का भजन गायन किया। श्री रामलला दर्शन योजना में सीएम विष्णु देव साय ने यात्रियों के घर से अयोध्या धाम तक आने जाने, भोजन, इलाज और ठहरने की सारी व्यवस्था निःशुल्क की है। इसमें 18 से 75 वर्ष के कोई भी नागरिक जा सकते हैं।




यात्रियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को इस पुण्य कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। तीर्थ यात्रियों के रवानगी के अवसर पर प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी वर्षा बंसल, बीईओ सारंगढ़ रेशम कोशले, कनकबीरा के रामकुमार थूरिया एवम अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# हिरमी में जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ



**हिरमी–रावन।** हिरमी में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र का शुभारम्भ किया गया है। इस मौके पर तनमय सिंह राजपूत ने बताया कि इस केन्द्र में 50 से 90 प्रतिशत तक कम कीमतों पर सभी प्रकार की दवाई सस्ते दामों पर लोगों को उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि गरीब से गरीब सभी तबके के लोग पूर्ण रुप से रोगों का इलाज करा सके और उनको इस दवा दुकान से लाभ मिल सके। स्वास्थ्य सुविधा को किफायती और सुलभ बनाना प्रधानमंत्री के स्वस्थ भारत विजन का आधार रहा है।

आम नागरिकों को सस्ती कीमत पर दबाएं राष्ट्र के हर कोने तक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जन औषधि केंद्र की स्थापना करना इस दिशा में एक प्रमुख पहल है। हिरमी में इस केंद्र के खुल जाने से क्षेत्र के करीब 50 हजार लोगों को सीधा फायदा होगा। इस अवसर पर हिरमी व आसपास के ग्रामीणों गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।